
दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# एसओएस सितंबर परीक्षाओं के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी, 29 जुलाई तक मिलेगा मौका

## विलंब शुल्क के साथ 8वीं, 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीकरण; अध्ययन केंद्रों को नियमों के पालन के निर्देश

सवेरा ब्यूरो/ धर्मशाला, 25 जुलाई : हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) से पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर 2026 में आयोजित होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई, 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया के लिए अलग-अलग विलंब शुल्क निर्धारित किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार नवीन प्रवेश, डायरेक्ट एडमिशन, बिना टीओसी प्रवेश, डायरेक्ट साइंस, टीओसी के साथ नवीन प्रवेश (री-एडमिशन), अतिरिक्त विषय और विशेष अंक सुधार परीक्षा (एसएमआईई) के अभ्यर्थी 2000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं, री-अपीयर और एक वर्ष के भीतर प्रदर्शन सुधार (इंप्रूवमेंट ऑफ परफॉर्मेंस) श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने की सुविधा दी गई है।

## अध्ययन केंद्रों को जारी किए सख्त निर्देश



**अध्यक्ष** डा. राजेश शर्मा ने प्रदेश के सभी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों को संशोधित नियमों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने से पहले सभी केंद्रों के समन्वयक और सहायक समन्वयक नवीनतम प्रॉस्पेक्टस का अध्ययन कर लें, ताकि प्रवेश प्रक्रिया और पात्रता संबंधी किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचा जा सके। बोर्ड ने विद्यार्थियों और अध्ययन केंद्रों की सुविधा के लिए नवीनतम प्रॉस्पेक्टस को अपनी आधिकारिक वेबसाइट और अध्ययन केंद्रों के लॉगिन पोर्टल पर उपलब्ध करवा दिया है।

Dainik Jagran 26-07-2026

# सितंबर की परीक्षाओं के लिए आवेदन की तिथि 29 तक बढ़ी

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर 2026 में होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए आनलाइन पंजीकरण और प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

अब विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार नवीन प्रवेश, टीओसी के साथ नवीन प्रवेश, अतिरिक्त विषय और विशेष अंक सुधार परीक्षा के अभ्यर्थी दो हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। वहीं री अपीयर और एक वर्ष के भीतर प्रदर्शन सुधार श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए एक हजार रुपये विलंब शुल्क निर्धारित किया गया है। एचपीएसओएस के सभी अध्ययन केंद्रों को बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि वे संशोधित नियमों और नए प्रास्पेक्टस का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने से पहले केंद्र समन्वयक और सहायक समन्वयक पात्रता और प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी नियमों का अध्ययन करें। उन्होंने बताया कि नया प्रास्पेक्टस बोर्ड की वेबसाइट और अध्ययन केंद्रों के लागिन पोर्टल पर उपलब्ध है।

Amar Ujala 26-07-2026

# एसओएस परीक्षाओं के लिए 29 तक बढ़ाई आवेदन तिथि

**धर्मशाला।** सितंबर 2026 में आयोजित होने वाली हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की एसओएस परीक्षाओं में आवेदन करने की तिथि को शिक्षा बोर्ड ने 29 जुलाई तक बढ़ा दिया है।

अब कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश फॉर्म जमा निर्धारित तिथि तक जमा करवा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि यह अधिसूचना बोर्ड द्वारा 18 मई और 14 जुलाई को जारी पूर्व अधिसूचनाओं के क्रम में जारी की गई है।

फ्रेश एडमिशन (डायरेक्ट एडमिशन, बिना टीओसी और डायरेक्ट साइंस), टीओसी के साथ फ्रेश एडमिशन एवं दोबारा प्रवेश, अतिरिक्त विषय, स्पेशल मार्क्स इम्प्रूवमेंट के लिए दो हजार, एक वर्ष के भीतर प्रदर्शन सुधार तथा री-अपीयर श्रेणी के अभ्यर्थी एक हजार रुपये लेट फीस के साथ 29 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रॉस्पेक्ट्स आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ब्यूरो

Apka Faisla 26-07-2026

# HPSOS छात्रों को बड़ी राहत, 8वीं, 10वीं और 12वीं की सितंबर परीक्षाओं के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

## विद्यार्थी अब विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीकरण

## बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अध्ययन केंद्रों को दिए नियमों के सख्ती से पालन के निर्देश

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (HPSOS) से शिक्षा ग्रहण कर रहे हजारों विद्यार्थियों के लिए एक राहत भरी खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए, सितंबर 2026 में होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश फॉर्म (Admission Form) जमा करने की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई, 2026 तक अपना आवेदन कर सकते हैं। किस श्रेणी के लिए कितना विलंब शुल्क? बोर्ड द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, आवेदन के लिए दो अलग-अलग स्लैब तय



किए गए हैं:
2000 विलंब शुल्क: नवीन प्रवेश (Direct Admission/Without TOC/Direct Science), TOC के साथ नवीन प्रवेश (Re-admission), अतिरिक्त विषय (Additional Subject) और विशेष अंक सुधार परीक्षा (SMIE) के अभ्यर्थी 2000 विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 1000 विलंब शुल्क- री-अपीयर (Re-appear) तथा एक वर्ष के भीतर प्रदर्शन सुधार (Improvement of Performance) श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए ?1000 के विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। अध्ययन केंद्रों को सख्त निर्देश जारी, एचपीबोस के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रदेश के सभी HPSOS अध्ययन केंद्रों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे संशोधित नियमों, अद्यतन निर्देशों और नए प्रॉस्पेक्टस का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र का प्रवेश सुनिश्चित करने से पहले संबंधित समन्वयक (Coordinator) और सहायक समन्वयक नवीनतम प्रॉस्पेक्टस का अच्छे से अध्ययन कर लें, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया और पात्रता से जुड़ी सभी अहम जानकारियां दी गई हैं। विद्यार्थियों और केंद्रों की सुविधा के लिए नवीनतम प्रॉस्पेक्टस बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और अध्ययन केंद्रों के लॉगिन पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई, बोर्ड अध्यक्ष ने सभी केंद्रों और अभ्यर्थियों से तय समय सीमा के भीतर प्रवेश और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने सख्त लहजे में स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी केंद्र बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों और निर्देशों की अनदेखी करता है, तो इसे बोर्ड विनियमों का सीधा उल्लंघन माना जाएगा और ऐसे मामलों में नियमानुसार आवश्यक व सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डिजिटल अखबार
# पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
25 जुलाई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# 8वीं, 10वीं और 12वीं की सितंबर परीक्षाओं के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

## विद्यार्थी अब विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीकरण

**बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अध्ययन केंद्रों को दिए नियमों के सख्ती से पालन के निर्देश**



पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर रहे हजारों विद्यार्थियों के लिए एक राहत भरी खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए, सितंबर 2026 में होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश फॉर्म (Admission Form) जमा करने की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई, 2026 तक अपना आवेदन कर सकते हैं।

### किस श्रेणी के लिए कितना विलंब शुल्क?

बोर्ड द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, आवेदन के लिए दो अलग-अलग स्लैब तय किए गए हैं-

2000 रुपये विलंब शुल्क : नवीन प्रवेश (डायरेक्ट एडमिशन/विद्युत TOC/डायरेक्ट साइंस), TOC के साथ नवीन प्रवेश (रि-एडमिशन), अतिरिक्त विषय (Additional Subject) और विशेष अंक सुधार परीक्षा (SMIE) के अभ्यर्थी 2000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

1000 रुपये विलंब शुल्क : री-अपीयर (रि-अपियर) तथा एक वर्ष के भीतर प्रदर्शन सुधार (इंप्रूवमेंट ऑफ परफॉर्मेंस) श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए 1000 रुपये के विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है।

### अध्ययन केंद्रों को सख्त निर्देश जारी

एचपीबोस के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रदेश के सभी HPSOS अध्ययन केंद्रों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे संशोधित नियमों, अद्यतन निर्देशों और नए प्रॉस्पेक्टस का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र का प्रवेश सुनिश्चित करने से पहले संबंधित समन्वयक (कॉर्डिनेटर) और सहायक समन्वयक नवीनतम प्रॉस्पेक्टस का अच्छे से अध्ययन कर लें, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया और पात्रता से जुड़ी सभी अहम जानकारियां दी गई हैं। विद्यार्थियों और केंद्रों की सुविधा के लिए नवीनतम प्रॉस्पेक्टस बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और अध्ययन केंद्रों के लॉगिन पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है।

### नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई


बोर्ड अध्यक्ष ने सभी केंद्रों और अभ्यर्थियों से तय समय सीमा के भीतर प्रवेश और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने सख्त लहजे में स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी केंद्र बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों और निर्देशों की अनदेखी करता है, तो इसे बोर्ड विनियमों का सीधा उल्लंघन माना जाएगा और ऐसे मामलों में नियमानुसार आवश्यक व सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

JULY 26, 2026 SUNDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# MISSED THE CUTOFF? HPSOS EXTENDS SEPTEMBER EXAM REGISTRATION

***Sunny Mahajan | Dharamshala***



In a massive sigh of relief for thousands of non-traditional learners across Himachal Pradesh, the state school education board has just hit the snooze button on the registration deadline for the upcoming September exams. If you're an 8th, 10th, or 12th grader enrolled with the Himachal Pradesh State Open School (HPSOS) and somehow missed the boat on submitting your examination forms, don't panic—you've officially won a few extra days of breathing room.

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) announced that online applications are back on the table until July 29, 2026, provided you're willing to pay a late fee penalty. Fresh applicants, those applying with Transfer of Credit (TOC), students picking up additional subjects, and candidates shooting for special marks improvements will need to cough up a ₹2,000 late fee to get their paperwork through. Meanwhile, re-appear candidates and students attempting a performance improvement within a year get off a bit lighter with a ₹1,000 late charge.

While the extension brings sweet relief to procrastinating students, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma isn't playing around when it comes to compliance. He issued a stern heads-up to all HPSOS study centers across the state, demanding strict adherence to the updated prospectus and rules available on the board's portal. Coordinators have been told to brush up on the fine print before hitting approve on any application, with Dr. Sharma warning that sloppy processing or breaking guidelines will be treated as direct rule violations—and slapped with severe disciplinary action. In short: get those forms in by July 29, because the board's patience ends right there!